INDIA NON JUDICIAL

# Government of Uttar Pradesh

e-Stamp

IN-UP91061808192674W

ACC Address-84 Khambha Kutchery Mobile-7706078991

License No.-443 Tehsil & District Prayagraj

₹100

| | | |
|---|---|---|
| **Certificate No.** | : | **IN-UP91061808192674W** |
| Certificate Issued Date | : | 11-Mar-2024 10:08 AM |
| Account Reference | : | NEWIMPACC (SV)/ up14350304/ PRAYAGRAJ SADAR/ UP-AHD |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-UPUP1435030478324591130128W |
| Purchased by | : | VINAY KUMAR |
| Description of Document | : | Article 5 Agreement or Memorandum of an agreement |
| Property Description | : | Not Applicable |
| Consideration Price (Rs.) | : | |
| First Party | : | VINAY KUMAR |
| Second Party | : | Not Applicable |
| Stamp Duty Paid By | : | VINAY KUMAR |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 100 (One Hundred only) |

सत्यमेव जयते

IN-UP91061808192674W

Please write or type below this line

# MEMORANDUM OF UNDERSTANDING (MoU)

Between

UTTAR PRADESH RAJARSHI TANDON OPEN UNIVERSITY, PRAYAGRAJ
UTTAR PRADESH

&

DISTRICT INSTITUTE OF EDUCATION & TRAINING PRAYAGRAJ,
UTTAR PRADESH

[ FOR EDUCATIONAL PLANNING & RESEARCH]

Statutory Alert:

1. The authenticity of this Stamp certificate should be verified at 'www.shcilestamp.com' or using e-Stamp Mobile App of Stock Holding. Any discrepancy in the details on this Certificate and as available on the website / Mobile App renders it invalid
2. The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate
3. In case of any discrepancy please inform the Competent Authority.

Scanned with OKEN Scanner

यह समझौता विज्ञापन दो संस्थानो प्रथम पक्ष जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज एवं द्वित्तीय पक्ष उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त वि0वि0 प्रयागराज के संयुक्त हस्ताक्षरित दिनांक से 14 / 08 /2024 प्रभावी होता है। यह समझौता ज्ञापन दो संस्थानो के मध्य पूर्णत :वित्त रहित होगा ।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, प्रयागराज

जिला शिक्षा एव प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 प्रारूप की देन है शिक्षा के क्षेत्र में व्यापकतम गुणोत्तर उन्नयन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर एन.सी.ई.आर.टी, राज्य स्तर पर एस.सी. ई.आर.टी के बाद जिले स्तर पर सपोर्ट सिस्टम के तीसरे सोपान के रूप में डायट की स्थापना हुई। इसी क्रम में प्राथमिक ,उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक ,वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षक-शिक्षण एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर अकादमिक सहयोग प्रदान करने हेतु जनपद प्रयागराज की पवित्र पावन धरा, त्रिवेणी संगम के प्रकाशमान बौद्धिक स्रोत का द्वार जिला शिक्षा एव प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज की स्थापना 2000 में हुई । यह संस्थान ऋषि भारद्वाज की तपोभूमि, हनुमत मंदिर व अक्षयवट के शैक्षिक संगम के रूप में सभी के सतत विकास हेतु समता मूलक समावेशी शिक्षा का शिरोमुखी संस्थान है। इस संस्थान द्वारा पूरे जनपद में नवसृजन, गुणात्मक अवधारणा द्वारा शिक्षा संचालित होती है। मानवीय, भौतिक, वित्तीय संसाधन से परिपूर्ण यह संस्थान सदैव उच्च कोटि की नवचारात्मक अनुशासनात्मक, सृजनात्मक रचनात्मक, कौशलात्मक, आत्मनिर्भर, व्यवसायपरख, कलात्मक शोधयुक्त, आधुनिक कक्षा कक्ष से सुसज्जित प्रौद्योगिकी युक्त शिक्षण , प्रशिक्षण का विनमय करता है तथा सतत एवं व्यापक मूल्यांकन के माध्यम से आवश्यक संशोधन व सुझाव को समाविष्ट कर सुंदर, आकर्षक, नवीन व बालकेंद्रित शिक्षा की ओर अग्रसर होता है। गुणवत्तापूर्ण और शोध परख शैक्षिक वातावरण के सृजन हेतु इस संस्थान के प्रमुख कार्य हैं सेवारत व सेवापूर्व प्रशिक्षण, शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण व शोध है । वर्तमान समय में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज जनपद के पूर्व प्राथमिक से लेकर वरिष्ठ माध्यमिक के अध्यापकों की व्यावसायिक क्षमता में आवृत्ति हेतु जनपदो के समस्त अध्यापकों की प्रशिक्षण के साथ,साथ नवाचार, क्रियात्मक शोध एवं शोध के लिए कार्य कर रहा है।

Scanned with OKEN Scanner

# विजन

हम जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज को शैक्षिक अनुसंधान, नवाचार एव प्रशिक्षण, संदर्भ सामग्री के विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट केन्द्र के रूप मे विकसित करने की संकल्पना करते हैं । जहां शिक्षकों को पूर्व प्राथमिक से माध्यमिक स्तर तक के छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु दिशा देने के लिए तैयार किया था । हम समाज की आवश्यकता और बदलते प्रवेश के अनुरूप विद्यालयी शिक्षा और शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में जीवन मूल्य पर आधारित नवोन्वेषी प्रौद्योगिकी दक्ष बदलाव को प्रेषित करने वाली शिक्षा की संकल्पना करते हैं । उपचारात्मक शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए डायट स्तर से शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करते हैं ।

**डायट प्रयागराज का यही है विजन । गुणवत्ता युक्त समावेशी व अनुसंधान परख शिक्षा का सृजन ।**

## मिशन

1. शिक्षक–शिक्षा के क्षेत्र में संसाधनों का कुशलतम उपयोग कर शैक्षिक, तकनीकी, कौशल विकास के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित करना ।
2. सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में डायट को सृजनात्मक,उपचारात्मक एवं प्रौद्योगिकी युक्त अनुसन्धान परख शिक्षा से समृद्ध करना।
3. स्थानीय शैक्षिक समस्याओं पर आधारित शोध कार्य एवं नवाचार प्रयोग को अनुसमर्थन प्रदान करना।
4. सेवारत और सेवा पूर्व शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन वन वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं शिक्षकों की पेशेवर दक्षता पर आधारित पाठ्यक्रम एवं संदर्भ सामग्री का विकास करना है ।
5. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में समग्र शिक्षा के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक से माध्यमिक स्तर तक शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन हेतु भारत सरकार राज्य सरकार की नीतियों को जिले स्तर पर कार्यान्वित करना।
6. सतत विकास लक्ष्य (समावेशी शिक्षा) के लिए जिले स्तर पर प्राप्ति हेतु अकादमिक कार्यो में अनुसमर्थन करना।

Scanned with OKEN Scanner

## समझौता ज्ञापन की संकल्पना एवं कार्य पद्धति

1. यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थान उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के शिक्षा शास्त्र विभाग एवं जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज के मध्य केवल शैक्षिक नवाचार एवं शोध के लिए होगा।
2. यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थान उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के शिक्षा शास्त्र विभाग एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज के मध्य पूर्णता मान फाइनेंशियल (गैर वित्तीय) समझौता ज्ञापन होगा।
3. दोनों संस्थानों में शैक्षिक उन्नयन हेतु शिक्षक शिक्षा में हो रहे नवाचार को आदान –प्रदान करना।
4. शिक्षकों में बहुविषयक दृष्टिकोणकौन उत्पन्न करने हेतु उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के शिक्षा शास्त्र विभाग एवं प्रयागराज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज के आपसी सहयोग स्थापित करना।
5. अध्यापक शिक्षा में व्यवहार परख शोध को बढ़ावा देने के लिए दोनों संस्थानों द्वारा शोध फोरभ बनाकर एक दूसरे का सहयोग करना
6. शैक्षिक गुणवत्ता हेतु शोध परख वातावरण तैयार करना।
7. शिक्षक पैसे की प्रतिष्ठा को बहाल करने के लिए आवश्यक नैतिकता और विश्वसनीयता के स्तरों में सुधार के लिए प्रयास करना।
8. शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में समन्वय स्थापित कर शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को उत्कृष्ट बनाना।
9. क्योंकि अध्यापक शिक्षा के लिए बहु विषयक इनपुट के साथ.साथ उच्चतर गुणवत्ता युक्त विषय वस्तु और शैक्षणिक प्रक्रियाओं की आवश्यकता होती है अतः इसे ध्यान में रखते हुए दोनों संस्थानो का संदर्भ दाता के रूप में सहयोग प्रदान करना।
10. चूकि जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज सेवारतपूर्व प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक के शिक्षण उन्नयन उन्हें हेतु कार्य करता है इसके क्षेत्रीय आवश्यकता के अनुरूप उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के शिक्षा शास्त्र विभाग का क्षेत्रीय आवश्यकता अनुरूप सेवा पूर्व प्रशिक्षण में बदलाव का प्रयास करना।

## उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की भूमिका

1. उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की शिक्षाशास्त्र विभाग जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज द्वारा किए जा रहे शोध कार्य के गुणवत्ता एवं गहनता में सहयोग प्रदान करेगा।
2. उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज को शिक्षा शास्त्र विभाग, अध्यापक शिक्षा में हो रहे नवाचार की उपयोगिता एवं प्रभावशीलता के निर्धारण में मदद करेगा ।
3. उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के शिक्षक शिक्षा में हो रहे नए शोध कार्यों के विषय चयन में मदद करेगा
4. शिक्षकों में बहुविक दृष्टिकोण उत्पन्न करने हेतु उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज संदर्भ दाता की उपलब्धता के लिए प्रयास करेगा ।

Scanned with OKEN Scanner

5. उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज अपने पुस्तकालय के आवधिक अनुभाग में अध्ययन के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज के अध्यापकों को अनुमति देगा।
6. उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज जनरल प्रशासन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज को सहयोग प्रदान करेगा। व सेंटर आफ एम्सीलेन्स के समृद्धिकरण में मदद करेगा।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज की भूमिका

1. जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज जनपद के पूर्व प्राथमिक से लेकर वरिष्ठ माध्यमिक के अध्यापकों की व्यावसायिक क्षमता में अभिवृहि हेतु अध्यापकों के प्रशिक्षण के साथ साथ नवाचार, क्रियात्मक शोध एवं शोध कार्य कर रहा है। अपने इन अनुभवों को एवं क्षेत्रीय आवश्यकताओं को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के शिक्षा विभाग से साझा करेगा जिससे देश के लिए योग्य अध्यापक तैयार हो सकें।
2. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज क्षेत्र अध्ययन/ क्षेत्र शोध में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के छात्रों कों सहयोग प्रदान करेगा
3. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज संदर्भ दाता की उपलब्धता के लिए प्रयास करेगा एवं सेंटर आफ एक्सीलेन्स के रूप स्थापित होगा।

यह समझौता ज्ञापन मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग (MOU) भविष्य में दोनों संस्थाओं के आपसी सहमति से संशोधित एवं परिवर्तित किया जा सकता है।

Registrar 14/8/2024
Uttar Pradesh Rajarshi Tandon Open University
Prayagraj

WITNESS 1 (Prof. P.K. Pandey)

WITNESS 2 14/08/24 (Prof. Santosha Kumar)

Principal 14.8.24
District Institute of Education & Training, Prayagraj

WITNESS 1 14.08.24 रेरवा राम प्रवक्ता-हिन्दी

WITNESS 2 तन्चा राय प्रवक्ता-मनोविज्ञा

Scanned with OKEN Scanner